प्रेषिका

हर्षिता,
सिविल जज (जू0डि0)/एफ0टी0सी0/
(महिलाओं के विरूद्ध अपराध), हमीरपुर।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
हमीरपुर।

विषय- **पासपोर्ट नवीनीकरण हेतु अनुमति अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि मेरे पासपोर्ट सं0 J1075896 की समाप्ति की तिथि दिनांक 06.06.2020 थी। उक्त पासपोर्ट के नवीनीकरण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र आवश्यक है।

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा जारी परिपत्र संख्या-16044/आई0बी0एफ0/एडमिन (ए) दिनांकित 24.11.2015 द्वारा इस सम्बन्ध में अण्डरटेकिंग, नोटरी शपथपत्र एवं चार फोटोग्राफ्स, जिनको जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा सत्यापित किया गया हो, ऑनलाइन प्रेषित करने हेतु तथा हार्ड कॉपी भी प्रेषित करने हेतु आदेशित किया गया है। इस सम्बन्ध में सादर निवेदन है कि मैं नोटरी द्वारा सत्यापित शपथपत्र, अपने चार फोटोग्राफ्स, जिनमें से एक जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा सत्यापित किया गया है एवं अण्डरटेकिंग माननीय न्यायालय की सेवा में सादर प्रेषित कर रही हूँ। साथ ही मेरे द्वारा मुझ पर आश्रित व्यक्तियों का विवरण भी इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

अतः सादर निवेदन है कि मुझे पासपोर्ट नवीनीकरण हेतु अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने हेतु पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें।

सादर!

दिनांक 01.02.2023

भवदीया
Harshita 01/02/23
(हर्षिता)
सिविल जज (जू०डि०)/एफ०टी०सी०,
(महिलाओं के विरूद्ध अपराध) हमीरपुर।

संलग्नक-

1. नोटरी द्वारा सत्यापित शपथपत्र
2. स्वयं के चार फोटोग्राफ्स, जिनमें से एक फोटोग्राफ सत्यापित है।
3. अण्डरटेकिंग
4. आश्रित व्यक्तियों के विवरण से सम्बन्धित पत्र
5. पासपोर्ट की छायाप्रति।

कार्यालय- जनपद न्यायाधीश, हमीरपुर।

पत्रांक 316/I-05/2020 हमीरपुर दिनांकित 01.02 ,2023

अग्रसारित,
Anuj Goyal
जनपद न्यायाधीश
हमीरपुर।